# उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड

# U.P.Power Corporation Limited

(Govt. of Uttar Pradesh Undretaking)

शक्ति भवन, विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ

e-mail id: dgmir.uppcl2017@zmail.com>


संख्या–263–औ0सं0/2018–26(2)/ए0एस0/06 दिनांक : 27 जनवरी, 2018

प्रबन्ध निदेशक,
मध्यॉंचल/पश्चिमॉंचल/केस्को,
विद्युत वितरण निगम लि0,
लखनऊ/ मेरठ/ कानपुर।

सर्वोच्च प्राथमिकता/तत्काल/
अतिमहत्वपूर्ण
ई मेल/स्पीड पोस्ट

**विषय :–** विद्युत उपकेन्द्रों/लाइनों के अनुरक्षण कार्यों एवं अन्य कार्यों हेतु संविदा श्रमिक उपलब्ध कराने वाले वाह्य सेवा प्रदाता–आउट सोर्सिंग–(ठेकेदारों/संविदाकारों) का ऑनलाइन पंजियन क्षेत्रीय भविष्यनिधि संगठन के पोर्टल में कराते हुए सम्पूर्ण सूचना कारपोरेशन एवं डिस्कामों की वेबसाइट पर डिस्प्ले किये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कारपोरेशन के परिपत्र सं0–5354–औ0सं0/2018–26(2)/ए0एस0/06 दिनांक 05.12.2017, पत्र सं0–5531–औ0सं0/2018–26(2)/ए0एस0/06 दिनांक 26.12.2017, पत्र सं0–12 दिनांक 04.01.2018 एवं 91–औ0सं0/2018–26(2)/ए0एस0/06 दिनांक 15.01.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा डिस्काम में लाइनों एवं सबस्टेशन के अनुरक्षण कार्यों हेतु अनुबन्धित वाह्य सेवा प्रदाता/संविदाकार के ई0पी0एफ0 में ऑनलाइन पंजीयन कराते हुए ई0पी0एफ0 कोड नं0 डिस्काम के वेबसाइट पर डिस्प्ले करते हुए कारपोरेशन मुख्यालय को सूचित किए जाने के निर्देश दिए गए थे तथा इस कार्य हेतु डिस्काम के निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0) को अधिकृत किया गया था।

निरन्तर पत्र भेजने के बावजूद भी कारपोरेशन को अभी तक आपके डिस्काम स्तर से उक्त निर्देशों के अनुपालन की कोई भी आख्या प्राप्त नहीं हुई है, जिसे कारपोरेशन प्रशासन ने गम्भीरता से लेते हुए अप्रसन्नता व्यक्त की है।

अतः उक्त स्थिति के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि वांछित सूचना तत्काल डिस्काम की वेबसाइट पर डिस्प्ले कराते हुए कारपोरेशन मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें ताकि तद्नुसार अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया जा सके।

~~संलग्नक : यथोपरि।~~

भवदीय,

(आलोक कुमार श्रीवास्तव)
महाप्रबन्धक (औ0सं0)

संख्या–263–औ0सं0/2018–26(2)/ए0एस0/06/18 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के निजी सचिव, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के निजी सचिव, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निदेशक (का0, प्र0 एवं प्रशा0)/(वितरण)/(वित्त)/(वाणिज्य)/(कारपोरेट प्लनानिंग), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. निदेशक (का0, प्र0 एवं प्रशा0),/पूर्वांचल/दक्षिणॉंचल, वितरण निगम लि0 वाराणसी/आगरा।
5. निदेशक (का0, प्र0 एवं प्रशा0), मध्यॉंचल/पश्चिमॉंचल/महाप्रबन्धक (म0सं0), केस्को, विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ/मेरठ/कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने की कृपा करें।
6. अपर सचिव–1/संयुक्त सचिव (कार्य)/संयुक्त सचिव (स0प्र0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. मुख्य अभियन्ता (जानपद)/अधी0 अभियन्ता (जानपद), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त निर्देशों से अपने अधीनस्थ अधिकारियों को तत्काल सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही कराएँ।
9. अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(आलोक कुमार श्रीवास्तव)